सार-समाचार

जिला खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

जालोर, (कासं)। ''स्वस्थ राष्ट्र-समृद्ध राष्ट्र'' की थीम व फिट इण्डिया के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेलकूद का आगाज पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विभाग के उप निदेशक (सांख्यिकी) ओमप्रकाश कुमावत उपस्थित रहे। कृषि विभाग के उप निदेशक ओमप्रकाश कुमावत ने युवाओं को नियमित खेल से शारीरिक व मानसिक विकास पर बल देते हुए राष्ट्रनिर्माण में योगदान करने का आव्हान किया। प्राचार्य चैनकरण सिंह ने युवाओं को खेल भावना व अनुशासन के साथ खेल खेलने की बात कही। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने कार्यक्रम विवरण देकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने ब्लॉक स्तर की विजेता टीमों को फिट इण्डिया किट प्रदान किए गए। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी के प्रथम मैच में बागोड़ा ब्लॉक की युवा मंडल टीम ने सायला ब्लॉक की बिश्नगढ टीम को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। रस्साकस्सी में जालोर की टीम ने आहोर ब्लॉक की गुडारामा टीम को हराकर फाईनल में स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक असलम खान, मेहबूब खान, नरेश कुमार, शिवदत्त शर्मा, महेन्द्र लांबा ने निभाई। व्याख्याता प्रियंका शर्मा, लेखा सहायक अमित सचदेवा, खसाराम माली, युवा स्वयंसेवक प्रकाश बागोडा, मनोहर सिंह, रघुनाथ राम आदि उपस्थित रहे।

श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर में हर बार की तरह इस बार भी खाटू श्याम की निशान यात्रा मंगलवार सुबह गीता सत्संग भवन से हजारों श्याम भक्तों के जयकारों के साथ रवाना हुई, जिसमें श्याम निशान की हजारों फिजा में लहराते डीजे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। निशान यात्रा में गले में केसरिया दुपट्टा और ध्वजा लिए जय कारे लगाते पुरुष, और डीजे की धुन पर नाचती महिलाएं विभिन्न रंग बिरंगी पोशाक के पहन श्याम भक्ति में लीन रहे। यात्रा के अंत में एक रथ पर फूलों से सजी श्याम प्रभु की झांकी को श्रद्धालु खींच रहे थे। निशान यात्रा गीता भवन से रवाना होकर अंबेडकर सर्किल, सूरजपोल,सोमनाथ, सराफा बाजार फतेहपुरिया बाजार, गोपीनाथ जी मंदिर पानी दरवाजा होते हुए अठासेन भवन पहुंच समाप्ति हुई। शहर के हर चौराहे पर पुष्प वर्षा के साथ यात्रियों को आइसक्रीम भी खिलाई। निशान यात्रा में अग्रवाल समाज माहेश्वरी समाज, ब्राह्मण समाज श्याम महिला मंडल, सहित विभिन्न मंडलों का सहयोग रहा, मंडल के जितेंद्र अठावाल, अनिल गुप्ता अनिल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, गिरीश अग्रवाल, सूरज प्रकाश, कैलाश, रवि सोनी सहित श्याम भक्तों का सहयोग रहा। अग्रसेन भवन में कार्यक्रम पश्चात श्याम रसोई का आयोजन हुआ।

राज्यपाल माथुर विष्णु महायज्ञ में पहुंचे

पाली,(नि.सं.)। सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर आज मंगलवार को जिले के देसूरी तहसील के गुडा मांगलिया पहुंचे। वहां पर वे विष्णु महायज्ञ की पूर्ण आहुति में भाग लिया। जहां पर वे इस अवसर पर आयोजित विविध आयोजन में शामिल हुये। इस अवसर पर विष्णु महायज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा माला व साफा पहना कर स्वागत किया गया, विष्णु महायज्ञ में यज्ञ वेदी पर पूर्ण आहुति दी। वहां मौजूद जनसभा को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा की विष्णु महायज्ञ एक दुर्लभ यज्ञ है गोड़वाड़ की धारा पर कई वर्षों पश्चात यह पहला विष्णु यज्ञ हो रहा है । उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि इसमें शामिल हुआ। उन्होंने अभी हाल ही में हुए महाकुंभ की महिमा के बारे में बताया कि जननी जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है उन्होंने उपस्थित संत समुदाय के दर्शन दुर्लभ बताते हुए संत समुदाय का बखान किया कार्यक्रम में माथुर द्वारा विष्णु महायज्ञ के विभिन्न बोलियां में भाग लेने वाले भामाशाहों का तिलक, दुपट्टा व साफ़ा पहनकर स्वागत किया। इस अवससर पर उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं जन समुदाय का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद पुष्प जैन एवं महेन्द्रसिंह महाराज व संतजन सहित कई जने मौजूद रहे।

किसान मेले में चिकित्सा शिविर लगाया

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर के विशेषज्ञ शिक्षक-चिकित्सकों की टीम द्वारा 2 से 4 मार्च तक कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के किसान मेले में तीन दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। होम्योपैथी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. गौरव नागर एवं शिविर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार कुमावत के निर्देशानुसार होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार झा,डॉ. अंकिता आचार्य, डॉ. प्रियंका कपूर, डॉ. राकेश कुमार मीना एवं डॉ. मोहन लाल, डॉ.इण्डिया डागोर ने अपनी सेवाएँ दी। इस शिविर में 276 मरीजों को नि:शुल्क होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियाँ, खॉसी, जुखाम, बुखार एवं जोड़ो में दर्द, चर्म रोग, मधुमेह एवं रक्त की कमी जैसे बीमारियॉ की दवाईयॉ दी गई।

पंपिग स्टेशन की जाली में शव मिला

जोधपुर, (कासं)। तिंवरी के गगाडी पंपिग स्टेशन की जाली में मंगलवार सुबह एक युवक का शव फंसा हुआ मिला। युवक की पहचान रजाला सदरी निवासी राजेंद्र विश्नोई (35) के रूप में हुई। राजेंद्र देर रात नहर पर पानी पीने गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और नहर में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना लोहावट से एएसआई शैतानाराम पंवार और पुलिस थाना मथानिया से एएसआई मीठालाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नहर से निकालकर अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस थाना लोहावट के अनुसंधान अधिकारी एएसआई शैतानाराम पंवार जांच कर रहे हैं।

होली फाग उत्सव मनाया

पाली, (नि.सं.)। श्याम महिला मित्र मंडल की ओर से सोमवार शाम को गीता सत्संग भवन में होली फाग उत्सव मनाया गया, जिसमें सखियों ने राधा कृष्ण गोपियों का रूप धरकर जमकर नृत्य किया, और जमकर फूलों की होली खेली। कैसे खेलूं होली इन सांवरिया के सग होली, आज बिरज में होली रे रसिया, जोधपुर से गायक विनोद पवार मैं जमकर फाग गीत गाया। कार्यक्रम में श्याम महिला मंडल की किरण पारिख, उर्मिला तापड़िया, मधु बोहरा,उषा लखोटिया, अंजू सिंगल, शांति कासाट इंदु शर्मा अंजना श्रॉफ सहित सदस्यों का सहयोग रहा।

शिकार करने के आरोपी पकड़े

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले के मोहनगढ़ इलाके के वन विभाग की रेंज 113 आरडी में वन विभाग ने चिंकारा शिकार के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी पवनसिंह ने बताया कि वन्यजीव पर्यावरण प्रेमियों ने सूचना दी कि दो व्यक्ति चक 1 एसडीवाई पर चिंकारा का शिकार कर रहे है। इस पर तुरंत घटनास्थल पर वनकर्मी महेश, वनरक्षक एवं सुनील को मौके पर भेजा, जहां चिंकारा घायल अवस्था में था। मौके से दोनों आरोपियों लहरनाथ व भुट्टानाथ निवासी लोहारों की ढाणी सांकड़ा को गिरफ्तार किया गया।

स्मैक बरामद

मंडार, (निसं)। मंडार पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बडी कार्रवाइ कर रानीवाडा रोड स्थित माटासन तिराहे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 37.79 ग्राम स्मैक बरामद की। थाना अधिकारी रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित के अनुसार यह करवाई एसपी अनिल कुमार के निर्देश पर हुई व्रता अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान के तहत यह सफलता मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने करवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शैतान सिंह पुत्र पुनमा राम विश्नोई के रूप में हुई वह जालोर जिले के पुर का रहने वाला है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

लखावत बुधवार को आउवा दौरे पर

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत 5 मार्च को आउवा आएंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष लखावत बुधवार, 5 मार्च को प्रात: 7 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 11 बजे आउवा मारवाड़ जंक्शन पहुंचेंगे। वे यहां 1857 स्वतंत्रता संग्राम पेनोरमा आउवा का निरीक्षण करेंगे। वे सवेरे 12:30 बजे आउवा से जालोर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

जोधपुर विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा हुई

जोधपुर, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार 4 मार्च को प्राधिकरण के उच्च अधिकारीगण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपसचिव एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी कंचन राठौड़, उपायुक्तगण मुकेश बारेठ, जयपाल सिंह राठौड़, रामजी भाई कलबी, अदिति पुरोहित, दिनेश कुमार मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, निदेकश वित्त मंजीत सिंह चारण, तहसीलदारगण, अभियन्तागण एवं प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न ऑनलाईन सेवाओं 90 ए, भवन निर्माण स्वीकृति, अरबन सर्विसेज यथा नाम हस्तान्तरण, प्रोपर्टी आईडी जनरेशन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र इत्यादि के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लम्बित प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए गए। जेडीसी चौधरी द्वारा राजकाज पर ई-फाईलिंग के अन्तर्गत लम्बित पत्रावलियों को भी यथा समय निस्तारित कर एवरेज डिस्पोजल टाईम को न्यूनतम रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभारी अधिकारी को प्रकरणों को समयबद्धता के साथ निस्तारित करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसी प्रकार राजस्थान सम्पर्क, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त सचिवालय, विधानसभा प्रश्नोत्तर के प्रकरणों सहित जिला कलेक्टर द्वारा आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

76 अवैध हौदियों पर चला पंजा

जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जेडीए दस्ते द्वारा मंगलवार को ग्राम सालावास में अवैध रूप से संचालित धुलाई, रंगाई व छपाई के कारखानों को ध्वस्त किया गया।

उपायुक्त जोन-03 जयपाल सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार तहसीलदार जोन-03 सुनिता चारण के निर्देशन में जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम सालावास में मौका निरीक्षण कर खसरा संख्या 233, 233/1 233/2 व 233/3 वगैरह में कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित धुलाई, रंगाई व छपाई के विभिन्न कारखानों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 76 हौदियों को दो जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। दस्ते द्वारा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये कृषि भूमि पर किसी प्रकार के कारखानों का संचालन नही करें। जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम बासनी बेन्दा के ख.सं. 34 व 34/7 एवं ग्राम पाल के ख.सं. 93 का भी मौका निरीक्षण कर अवैध निर्माणों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। कार्यवाहियों के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, भू-अभि. निरीक्षक, प्रवर्तन निरीक्षक, पटवारी, कनिष्ठ अभियन्ता राज. राज्य प्रदूषण बोर्ड मय जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी कंटेनर से भिड़ी, चालक की मौत

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती जोधपुर-बिलाड़ा-अजमेर रोड पर खारिया-मीठापुर गांव के पास आज सुबह एक तेज रफ्तार हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर के दूसरी तरफ जाकर कंटेनर से जा भिड़ी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि पेट्रोलिंग व्हीकल आगे से पूरी तरह पिचक गया और इसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा की गाड़ी का सहायक चालक महीराम मेघवाल खारिया-मीठापुर इलाके में झुड़ली स्थित प्लांट से चालक और अन्य स्टाफ को लेने के लिए जा रहा था। खारिया मीठापुर गांव के पास हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया। गाड़ी डिवाइडर तोडक़र रोड के दूसरी तरफ सामने से आ रहे एक कंटेनर से जा टकराई। इससे पेट्रोलिंग व्हीकल आगे से पूरी तरह पिचक गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर में टोल स्टाफ व बिलाड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंची। किसी तरह गाड़ी में फंसे चालक के शव को बाहर निकालकर बिलाड़ा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

गुमशुदा के नहीं मिलने पर नाराज लोगों ने थाने पर प्रदर्शन किया

जोधपुर, (कासं)। भीड़ द्वारा लूनी के थाने में घुसकर प्रदर्शन करने वालों पर सिपाहियों के साथ मारपीट का मामला पुलिस द्वारा ही दर्ज कराया गया है।

थानाधिकारी की तरफ से कुछ लोगों के खिलाफ भीड़ को धमकाने, पुलिस में भय उत्पन्न करने के साथ राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया है। नामजद लोगों की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामला एक महिला की गुमशुदगी से जड़ा है।

मामले के अनुसार लूणी थानाधिकारी तेजकरण परिहार हैडकांस्टेबल गणपतलाल उनकी गाड़ी का चालक मुकेश आदि राजोर की ढाणी में जनसहभागिता से लौटे थे। तब वापिस थाने पहुंचने पर वहां पर 50-60 लोग थाने पर एकत्र होकर बैठे थे ।

यह लोग महिला की गुमशुदगी को लेकर वार्ता करने लगे। तब थानाधिकारी तेजकरण ने उन्हें समझाया कि महिला का पता लगाया जा रहा है। बाद में यह लोग शांत होकर थाने से रवाना होने लगे। मगर इसके बाद ही लूणी के भलाराम, महेन्द्र , सोहन सतलाना गांव का पप्पूराम सहित तीन अन्य लोग आए व आते ही नारेबाजी करते हुए थाना के मुख्य द्वार पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया एवं थाना के अन्दर घुसने का प्रयास करने लग। तब थाने में मौजूद स्टाफ द्वारा उन्हें समझाइश करवाने का प्रयास किया गया।

इन लोगों द्वारा भीड़ को उठा करने का प्रयास कर थाना के अन्दर घुसने लगे और स्टाफ से मारपीट करने पर उतारू हो गए। इन लोगों ने पुलिस में भय पैदा करने के साथ भीड़ को उकसा दिया। राजकार्य में बाधा डाली।

मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

भैंरूबाग तीर्थ में हुई चोरी का एक और प्रकरण दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर के सरदापुरा सी रोड पर आए भैरूबाग जैन तीर्थ में गत साल हुई चोरी के प्रकरण में अब एक और प्रकरण ट्रस्टी की तरफ से दर्ज कराया गया है।

आरोप है कि मंदिर में काम करने वाला 40 किलोग्राम से ज्यादा भगवान के आभूषण चुरा ले गया। बता दें कि गत साल भी एक प्रकरण दर्ज हुआ और पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया था। अब उसी पर चोरी का आरोप लगा है। 27 अक्टूबर 2024 को कोषाध्यक्ष हरकचन्द सालेचा ने रिपोर्ट दी थी। अब भैरुबाग जैन तीर्थ के ट्रस्टी सुरेन्द्र मेहता ने पाली निवासी रवि कुमार पर मंदिर की तिजोरी (डबल लोकर) वाली से भगवान के आभूषण चुराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है।

कुंथुनाथ भगवान की आंगी 800 ग्राम, चन्द्रप्रभ स्वामी भगवान की आंगी 840 ग्राम, चन्द्रप्रभ स्वामी भगवान की आंगी 02 किलो 130 ग्राम, सम्भावनाथ स्वामी भगवान की आंगी 02 किलो 610 ग्राम, पार्श्वनाथ भगवान की आंगी 940 ग्राम, शांतिनाथ भगवान की आंगी 1 किलो 350 ग्राम, शांतिनाथ भगवान की आंगी 870 ग्राम, महावीर स्वामी भगवान की आंगी 02 किलो 600 ग्राम, शांतिनाथ भगवान की आंगी 02 किलो 690 ग्राम, वर्धमान स्वामी शाश्वत की आंगी 1 किलो 630 ग्राम, चन्द्रप्रभ स्वामी की (छोटा) आंगी 1 किलो 750 ठाांम, बाहस्वामी की (छोटा) आंगी 1 किलो 460 ग्राम, ऋषभदेव जी की आंगी 01 किलो 460 ग्राम, पदमनाथ स्वामी जी की आंगी 02 किलो, विमलनाथ भगवान की आंगी 02 किलो, फ्रेम कवर ऊपर का हिस्सा 5 किलो 170 ग्राम, फ्रेम कवर नीचे का हिस्सा 2 किलो 540 ग्राम, शांतिनाथ भगवान चाँद बावड़ी के मंदिर की सम्पूर्ण 03 आंगी 02 किलो 230 ग्राम, सम्भर्वनाथ भगवान जूनी मंडी मंदिर की दो हिस्सों में सम्पूर्ण आंगी 01 किलो 50 ग्राम और गोडी पार्श्वनाथ भगवान का मंदिर सिंघवियों का मोहल्ला की सम्पूर्ण 03 आंगी 4 किलो 600 ग्राम है। इनका कुल वजन 40 किलो 210 ग्राम है।

रिपोर्ट के अनुसार श्री जैन श्वेताम्बर प्राचीन तीर्थ, गंगाणी द्वारा अमानत के तौर पर ट्रस्ट में एक बक्से में मंदिर से सम्बंधित आभूषण रखे गए थे वे भी चोरी हो गए। जिसमे सोने का हार 50.630 ग्राम, सोने का हार नगीने वाला। सोने का मुकुट, चांदी की चौकिया पांच नग वजन 04 किलो, सोने की चेन बजन 9.630 ग्राम है। रिपोर्ट में आरोप है कि पाली के रवि कुमार ने ही यह आभूषण चुराए है।

अवैध बजरी खनन पर एक पकड़ा

जालोर,(कासं)। जालोर जिले के बागरा थाना पुलिस ने मंगलवार को अवैध खनन बजरी परिवहन करते ट्रैक्ट्रर मय ट्रोली जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया।

ज्ञानचंद यादव, पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशन में जिले में अवैध बजरी खनन माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही के तहत मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जालोर एवं गौतम जैन आरपीएस वृताधिकारी वृत्त जालोर के सुपरविजन में मोहनलाल गर्ग नि.पु. थानाधिकारी मय जाब्ता ने सरहद मौजा डकातरा में मौक रोड पर बिना नम्बरी टेक्ट्रर मय ट्रोली में बिना लाईसेंस व परमिट के अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते हुये के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरा टेक्ट्रर मय ट्रोली को बरामद किया।

चालक भारताराम पुत्र जेरुपाजी, उम्र 59 साल, जाति मेघवाल, निवासी मेघवालों का वास नरपडा, पुलिस थाना बागरा जिला जालोर को गिरफ्तार भी किया गया।

खेतों में पांच किलोमीटर पीछा कर पुलिस ने तस्करी के दो आरोपी दबोचे

जोधपुर, (कासं)। जिले में मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा कार्रवाई लगातार जारी है। फिर भी तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही। जिला ग्रामीण की स्पेशल टीम और कापरड़ा पुलिस ने ऐसी एक बड़ी कार्रवाई कर एक कार से 240 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त को बरामद कर दो तस्करों को पकड़ा है।

शातिर आरोपी पुलिस की नाकाबंदी तोड़ कर भाग गए। पुलिस ने उनकी कार के टायर का ब्रस्ट कर रोकने का प्रयास किया। मगर शातिर खेतों से होते हुए जंगली झाडिय़ों में भाग गए। पुलिस ने भी हार नहीं मानी। लगातार पीछे लगे रहे।आखिरकार उन्हें दबोच लिया। पकड़कर थाने लाया गया।अब आगे की कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई ऑपरेशन भौकाल के तहत की गई है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि कापरड़ा क्षेत्र के हरियाड़ा-हुणगांव सड़क पर जिला विशेष टीम जोधपुर ग्रामीण व पुलिस थाना कापरड़ा ने संयुक्त नाकाबन्दी कर क्रेटा कार से 240 किलो अवैध डोडा-पोस्त जब्त कर दो तस्करों जंवरीलाल बिश्नोई व जितेन्द्र बिश्नोई को पकड़ा।

एएसपी भोपालसिंह लखावत, रघुनाथ गर्ग के सुपरविजन और बिलाड़ा वृत के उपाधीक्षक पदमदान के निर्देशन मे कापरड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने मय जाब्ता व जिला विशेष टीम के एएसआई श्रवण कुमार के नेतृत्व हरियाड़ा-हुणगांव सड़क मार्ग पर नाकाबन्दी की गई। नाकाबन्दी के समय एक सफेद रंग की क्रेटा कार आती हुई दिखाई दी। जिसको पुलिस ने रूकने का इशारा किया। मगर के्रटा कार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और नाकाबन्दी तोड़कर कार को भगाने लगा। तब डीएसटी टीम ने तत्परता दिखाते हुए सड़क पर टायर ब्रेकर लगाकर कार के टायर ब्रस्ट कर दिए। इस पर कार चालक ने तेज गति से भगाकर कार को सड़क किनारे किया । चालक व पास की सीट पर बैठा व्यक्ति कार छोड़कर खेतों में भागने लगे। जिनको डीएसटी टीम ने खेतों व जंगली झाड़ियों में 4-5 किलोमीटर तक अन्धेरे में टॉर्च की सहायता से पीछा करना जारी रखा। आखिरकार बदमाशों को दबोचने में सफल हो गए।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि घटनाक्रम में अब भगतासनी निवासी जंवरीलाल पुत्र अप्पाराम बिश्नोई और पाली के भाणिया निवासी जितेन्द्र पुत्र पुखराज विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है।

जब्त कार से पुलिस ने 12 कट्टों में भरे 240 किलो अवैध डोडा-पोस्त को बरामद किया।

ट्रेन की मांग की

जालोर, (कासं)। कैट राष्टीय व्यापार संगठन ने मंगलवार को ट्रेन नंबर 22484 गांधीधाम जोधपुर को नियमित रूप से वाया जयपुर होते हुए दिल्ली तक किए जाने की मांग की। जिला कैट महासचिव शंकर सिंह बगैडिया ने बताया कि 22484 जो गांधीधाम से वाया जालोर होते हुए जोधपुर जाती है, को लेकर पदाधिकारी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

सास को सबक सिखाने बहू मुंडेर पर चढ़ी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के विवेक विहार पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपनी सास को सबक सिखाने के लिए जान देने का ड्रामा रचा डाला।

यह महिला अपनी सास में खौफ पैदा करने के लिए फ्लैट की बिल्डिंग की मुंडेर पर चढ़ गई । वहां से उसने जान देने की धमकीं दी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश कर माहिला को मुंडेर से नीचे उतरवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहू फोन पर ज्यादा व्यस्त रहती है, इसी बात को लेकर सास ने टोकाटाकी की थी।

जानकारी के अनुसार कुड़ी भगतासनी सेक्टर 12 में एक महिला आज दिन में बिल्डिग की मुंडेर पर जाकर बैठ गई और खुद की जान देने की बात कहने लगी। महिला कहना था कि उसकी सास फोन को लेकर टोकाटाकी करती है।

वह सास से परेशान होकर अपनी जान दे देगी।

महिला द्वारा उत्पात मचाने की सूचना पर विवेक विहार पुलिस वहां पहुंची और समझाइश कर महिला को बिल्डिंग से नीचे उतरवाया। बाद में परिवार के लोगों से समझाइश कर मामला शांत करवाया गया।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक की जसवन्तपुरा शाखा शुरू

जालोर, (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की 18वीं शाखा-जसवन्तपुरा का आधुनिक सुविधा से सुसज्जित भवन में एटीएम एवं लॉकर्स सुविधा सहित शुभारम्भ महन्त सुखदेव गिरी महाराज (जसवन्तपुरा मठ) एवं मोहननाथ महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरपंच जसवन्तपुरा चम्पादेवी प्रजापत उपस्थित हुई।

बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक के ग्राहकों, अंशधारियों तथा संचालक मंडल के सहयोग से आज जालोर नागरिक बैंक राजस्थान के श्रेष्ठ पांच अरबन बैंकों मे अग्रणी हैं। उन्होने बैंक की भावी विकास योजना पर चर्चा करते हुए बताया कि बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान में करने के लिए अनुमति प्रदान कर दी गयी हैं एवं सहकारी विभाग से अनुमति प्राप्त होने के पश्चात बैंक जयपुर, जोधपुर एवम् उदयपुर में शाखा खुलेगी एवं शीघ्र ही गुजरात राज्य में बैंक का विस्तार करेगी। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम ब्याज 8.75 प्रतिशत दे रही हैं। बैंक अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर द्वारा अन्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर सभी को बधाई दी। सहकारिता के माध्यम से देश में समृद्दि लाने के राष्ट्रीय सकल्पों में सभी को अपना योगदान करने के लिए अपील की गयी। ग्रामवासियों को अवगत करवाया कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक एक सुदृढ वित्तीय संस्था हैं। इसलिए बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाते हुए क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। जसवन्तपुरा के लोगो को बताया कि बैंक की शाखा खुलने से सुलभ एवं व्यक्तिगत सेवाएँ मिलेगी। इसलिए बैंक से जुड़कर बैंकिग सेवाओं का उपयोग करें एवं विस्तार से बैंक के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। बैंक के उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे द्वारा अपने सम्बोधन में बताया कि बैंक में अपनत्व की भावना हैं। जमाओं पर सबसे अधिक ब्याज दर हैं एवं ऋण सर्विस, सुविधाएँ अतुलनीय हैं। बैंक का स्टॉफ आपका स्वागत एवं सेवा इस प्रकार करेगा, जैसा कि आप अपनी बैंक में प्रधारे हैं। बैंक के व्यवसाय के बारे मे जानकारी प्रदान करतें हुए बताया की बैंक दिन प्रतिदिन उत्तरोतर प्रगति ओर अग्रसर हैं। एवं बैंक का शुद्ध एनपीए शून्य हैं। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भटट ने बताया कि बैंक स्थानीय निवासियों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा देने के लिए कृत संकल्प हैं उन्होनें बैंक की मोबाईल तथा न्च्प सुविधा, लाकर्स, एटीएम का उल्लेख करते हुए ऋण व जमा योजनाओं की जानकारी प्रदान की।एवम् बैंक का व्यवसाय 700 करोड़ तक पहुंच गया हैं तथा वित्तीय वर्ष के दौरान सकल लाभ 10 करोड़ रहने की सम्भावना है। बैंक संचालक कान्तिलाल भण्डारी द्वारा अवगत करवाया गया कि नागरिक बैंक समाज के सभी वर्गो तक बैंकिंग सुविधा की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपुर्ण भुमिका का निर्वाहन कर रहा हैं। बैंक का मुल उद्देश्य सहकारिता की भावना के साथ कार्य करते हुए लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हैं। बैंक संचालक मोहनलाल परमार द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। जसवन्तपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष श्री मोहनलाल जैन द्वारा बैंक शाखा शुभारम्भ में आये अतिथियों, व्यापारियों एवं ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया गया एवं भवन मालिक चिमनाराम सुथार, धनराज दवे एवं नारायणलाल भटट को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान पेन्शनर समाज संस्थान के अध्यक्ष धनराज दवे द्वारा उपस्थित पेन्शनरों को बैंक के साथ जुडकर जमाओं पर सर्वाधिक ब्याज दर का लाभ लेते हुए बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने का अनुरोध किया गया।

इस अवसर पर बैंक संचालक गणेशराम मीणा, कनिष चौधरी, मोहनलाल परमार, ठव्ड सदस्य हरीश माहेश्वरी, भूतपूर्व संचालक नारायणलाल भटट, जसवन्तपुरा के मोहनलाल जैन, वजाराम माली, मोडाराम प्रजापत, भूरमल, अमृतलाल पुरोहित, रोहित कुमार सुथार, अर्जुन राव, चिमनलाल पुरोहित, मुकेश भाई प्रजापत, जसवन्त भाई प्रजापत, अनिलभाई पुरोहित, चमनाजी सुथार, गणपत नागर, कपुर प्रजापत, धनाराम प्रजापत, छगन श्रीमाली, कैलाश अग्रवाल, नवाब खान, नन्दुभाई नागर, भगताराम प्रजापत, मंगल पुरोहित सहित स्थानीय व्यापारी, किसान, गणमान्य ग्रामवासी एवं बैंक के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

सास-बहू को लाठियों से पीटा

पाली, (नि.सं.)। पाली में खेत में काम कर रही रही तीन महिलाओं पर उसके ही रिश्तेदारों ने लाठियों से हमला कर घायल कर दिया। हमले में सास और 2 बहुएं घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार पाली जिले के बाली क्षेत्र के मालून निवासी 65 वर्षीय रूपादेवी पत्नी पन्नाराम मीणा अपनी बेटे की बहू 45 वर्षीय पंकूदेवी पत्नी सोमाराम और 42 वर्षीय बादामी पत्नी मोहनलाल के साथ खेत में काम कर रहीं थीं। इस दौरान रूपादेवी के 7-8 रिश्तेदार पेड़ की तने हाथ में लेकर खेत में पहुंचे और उन पर हमला कर दिया।

हमले में तीनों सास-बहू घायल हो गई। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए बाली हॉस्पिटल परिजन ले गए। जहां से हालत गंभीर होने पर तीनों को सोमवर देर शाम को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

रूपादेवी और उनके ससुराल पक्ष के अन्य पक्ष में खेत की जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर एसडीओ कोर्ट में मामला भी चल रहा है। हमले का एक वीडियो में लाठियों से महिलाओं से मारपीट करते हुए आरोपी नजर आ रहे हैं।

ट्रक लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार

जैसलमेर, (नि.सं.)। झिनझिनयाली थाना पुलिस में सोलर कम्पनी के सामान से भरे ट्रक को रुकवाकर धमकियां देकर सामान लूट कर ले जाने वाले 2 आरोपियों को पकडा है। वारदात के 2 महीने बाद 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

खराब मावा एवं मिठाइयां नष्ट कराई

रेवदर, (निसं)। रेवदर सिरोही राज्य सरकार द्वारा आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से होली के त्योहार पर सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिरोही डॉक्टर दिनेश खराडी ने बताया कि होली के त्योहार पर राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के अंतर्गत 4 मार्च 2025 को सिरोही जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारि मुकेश प्रजापत के नेतृत्व में जिले में निरीक्षण एवम नमुनीकरण की कारवाई की गई।

मैसर्स मां करणी बीकानेर स्वीट्स एंड नमकीन, कलंद्री मिल्क केक के नमूने लिए गए ,मां तनोट राय मिष्ठान भंडार कालंद्री से मावा एवं कलाकंद के नमूने लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत ने बताया कि मां तनोट राय मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के समय लगभग 80 किलो मात्रा में खराब मावा डीप फ्रीजर में रखा हुआ था एवं लगभग 9० किलो मात्रा में मावा मिठाइयां विभिन्न प्रकार की फंगस एवं बदबूदार इकट्ठा की गई थी । जिन्हें मौके पर ही टीम द्वारा नष्ट कराया गया एवं जांच हेतु नमूने लिए गए। जिन्हें खाद्य प्रयोगशाला में जांच हेतु भिजवाया जाएगा एवं रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की करवाई से मिठाई एवम किराना व्यापारी में हडकंप मच गया एवम काफी दुकानदार अपनी दुकान बंद कर चले गए।

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.)
फोन नम्बर : (0291) 2511031/2516199 फैक्स: (0291) 2511029, E-Mail-jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

ई-निविदा सूचना दिनांक :- 04/03/2025

निविदा क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का प्रकार
आर.एस.एम.एम. / एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/जीजीएम-एलएस/ संविदा-13 / 2024-25 दिनांकः- 03.03.2025 UBN No. MML2425SLOB00222	सानू माईन्स, जैसलमेर के लिये दो हार्ड टॉप महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा बोलेरो जीप (BOLERO B-6) (7-सीटर एसी डीजल टैक्सी परमिट) वाहन मॉडल वर्ष 2024 या उसके बाद की 24 घण्टे प्रतिदिन कार्य हेतु न्यूनतम 4000 किमी प्रति जीप प्रति माह चलाने हेतु आवश्यकता है। (कुल 8000 किमी प्रति माह)। अनुमानित मूल्य (रू.) 30.00 लाख, धरोहर राशि (रू. — 60,000/-. निविदा राशि— 1180/—

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/24/12569 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)